तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी, 2024 कैथल



13 उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान अवश्य करें: चौटाला





13 आज युवा महोत्सव में होंगे अंतिम मुकाबले





## खबर संक्षेप

### बैटरी सेल चोरी मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना कलायत क्षेत्र से टावर से बीबीयू उपकरण तथा बैटरी सैल चोरी करने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस के एचसी राजीव कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बिट्टु, सब्बीर, बिट्टु तथा मुलायम को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### गंड़ासियों से हमला कर युवक को किया घायल

**कैथल।** सुभाषनगर में पांच आरोपियों ने एक युवक पर गंडासियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवक ईशु ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह पेंट का काम करता है।

### सामान चोरी करने के मामले में आरोपी धरा

**कैथल।** पूंडरी एक दुकान से सामान चोरी करने के एक मामले की जांच चौकी पूंडरी पुलिस के एचसी मनोज कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पूंडरी निवासी सचिन को काबू कर लिया गया। फ्रैंडस कॉलोनी पूंडरी निवासी शुभम की शिकायत पूंडरी स्थित सीएससी व स्टेशनरी दुकान से चोरी कर ली थी।

### नवोदय के छात्र ने संदिग्ध हालत में लगाया फंदा

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 11वीं के एक छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में गांव प्योदा के खेतों में जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह किसान जैसे ही अपने खेतों में पहुंचे और शव को देखा तो तुंरत पुलिस को सूचना दी।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले गया आरोपित

**कैथल।** युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 16 जनवरी को शाम के समय आरोपी रवि उसकी 19 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर घर से ले गया।

### दोपहर को धूप खिलने से लोगों ने ली राहत की सांस

**राजौंद।** तीन दिन बाद धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले तीन दिनों से लगातार भारी सर्दी के चलते लोग सर्दी से बुरी तरह से जूझ रहे थे। तीन दिन तक सूर्य न निकलने के कारण लोग घरों में ही दूबके हुए थे। ठंड की अधिकता के चलते हर कोई परेशान था।

### ढांडा ने बदलाव महासभा के लिए दिया निमंत्रण

**कलायत।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने बुधवार देर शाम गांव कुराड़ में बदलाव महासभा निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि इस बदलाव रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान पहुंच रहे।

### ट्रैक्टर चालक ने ट्रक को मारी टक्कर, एक घायल

**कैथल।** खानपुर रोड पर बिजली घर के सामने भूसे से भरे एक ट्रैक्टर चालक ने ट्रक को टक्कर मार दी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव डीग निवासी सोनू उर्फ बनवारी ने शहर थाना में शिकायत दी कि 22 जनवरी को रात करीब साढ़े नौ बजे वह खानपुर रोड बिजली घर के पास से अपने ट्रक में जा रहा था। वहां अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी, डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्य अतिथि आज फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

## डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण

### प्रदेश की विकासात्मक यात्रा पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्य ढंग से किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। डीसी प्रशांत पंवार व पुलिस अधीक्षक उपासना ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाने की दृष्टिद्गत पुलिस लाईन का दौरा करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के डिप्टी स्पीकर मुख्य अतिथि रणबीर सिंह गंगवा द्वारा सुबह 10 बजे ध्वज फहराया जाएगा।

### शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी

इससे पहले मुख्य अतिथि द्वारा शहीद स्मारक पर जाकर अमर शहीदों को पुष्प चक्र भेंट कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। समारोह में ध्वज फहराने के बाद परेड निरीक्षण होगा। फिर मुख्यातिथि डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा का जिला वासियों के नाम संबोधन होगा। उसके बाद मार्च पास्ट होगा। फिर स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक पीटी शो, डंबल लेजियम, सूर्य नमस्कार व योगा की प्रस्तुति होगी। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति व लोक संस्कृति को परिभाषित करती हुई प्रस्तुतियां भी होंगी। प्रदेश की विकासात्मक यात्रा पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन होगा। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, समाज सेवकों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार उपमंडल गुहला में समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में तथा कलायत में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अनाज मंडी में होगा। उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम गुहला में विधायक रामनिवास तथा कलायत में विधायक ईश्वर सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस मौके पर एसडीएम कपिल कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, डीसीडब्ल्यूओ बलबीर चौहान, ईओ कुलदीप सिंह, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



कैथल। डीसी और एसपी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी

इन स्कूलों के बच्चों की होगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें पूंडरी खंड के विभिन्न सरकारी स्कूल के बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार तथा संगीतमय योगा, हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं भंगड़ा, राजकीय कन्या वरिष्ठद्ध माध्यमिक विद्यालय गीता भवन तथा जाखौली अडडा का हरियाणवी नृत्य तथा सुपार्षव जैन पब्लिक स्कूल के बच्चे नृत्यावली की प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार गणतंत्र दिवस समारोह में ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति भी देंगे।

## आईजी कॉलेज में की नमो नव मतदाता सम्मेलन में शिरकत

# पीएम मोदी ने 10 वर्षों में किए देश में नए आयाम स्थापित : सैनी

### आईजी कॉलेज में बने इवनिंग कॉलेज का उद्घाटन, प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कॉलेज को 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी आईजी कॉलेज में बने इवनिंग कॉलेज का उद्घाटन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाते हुए नए आयाम स्थापित करने का काम किया है। आज भारत दूनिया का सबसे युवा राष्ट्र है। यहां की करीब 60 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। युवा वर्ग देश को नई दिशा देने का काम करता है। युवा मतदाता मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य को जरूर निभाएं। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी आईजी कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित नमो नव मतदाता सम्मेलन में शिरकत करने के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने आईजी कॉलेज में बने इवनिंग कॉलेज का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने सभी के साथ बैठकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाईव प्रसारण भी सुना। आईजी कॉलेज प्रबंधन कमेटी ने केक कटवाकर प्रदेशाध्यक्ष को जन्म दिन की बधाई प्रेषित की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने शिरकत की। प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कॉलेज को 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि आईजी कॉलेज बेटियों को शिक्षा देने के क्षेत्र में निरंतर अच्छा कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 50 लाख युवाओं से सीधी बात की है। पूरे हरियाणा में 160 स्थानों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आज जिन युवाओं के वोट बने हैं, उन्हें पहली बार मतदान करने का मौका मिलेगा। भारत युवा शक्ति से भरपूर है। देश के विकास में किया गया मतदान बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में देश सेवा का कार्य करेंगे। आज देश में अपार विकास हुआ है। सरकार का मुख्य ध्येय है कि देश आगे बढ़े और नित नई ऊंचाईयां छुए।

### सभी को मतदान की शपथ दिलवाई

उन्होंने इस मौके पर सभी को मतदाता शपथ भी दिलवाई। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि युवाओं को वोट का अधिकार मिला है तो सभी को अपने मतदान के कर्तव्य को पूरा करना चाहिए। प्रदेश व देश के प्रति जो हमारी जिक्वमेदारी है, उसका निर्वहन पूरी सूझबूझ व समझदारी से करना होगा। हम सभी को प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिला है। वोट की ताकत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ताकत मिली। आईजी कॉलेज के प्रबंधन समिति ने प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर व अन्य मेहमानों को स्मृति चिन्ह शॉल भेंटकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, राम बहादुर खुरानिया, जगदीश बहादुर खुरानिया, नरेंद्र मिगलानी, अरविंद खुरानिया, डॉ. आरती गर्ग, सुरेश गर्ग नौच, मुनीष कठवाड़, बीजेपी जिला युवा मोर्चा प्रधान आदित्य भारद्वाज, श्याम सुंदर बंसल, कर्मबीर कौल, बलविंद्र आदि मौजूद रहे।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

नगर के असंध रोड पर पीडब्ल्यूडी के खाली पड़े मैदान में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का विरोध करने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इस दौरान सांकेतिक प्रदर्शन भी किया गया। जिसकी अध्यक्षता राकेश राणा ने की। इस दौरान नगर के लोगों ने कहा है कि यह सीवरेज प्लांट शहर के बीच में है इसके साथ ही सरकारी कार्यालय जिनमें नगर पालिका, अनाज मंडी, खाद्य आपूर्ति, कार्यालय बस स्टैंड, राधा स्वामी कॉलोनी, तहसील कार्यालय, बीडीओ कार्यालय व आसपास कई अन्य कार्यालय लगते हैं। जिससे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के यहां बनने पर यहां दुगंर्ध का वातावरण बनेगा जिससे लोगों को भारी परेशानी होगी। लोगों ने कहा कि लोगों की भावनाओं को देखते हुए सरकार से उन्होंने अपील की है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को यहां दूर शहर से बाहर बनाया जाए। इस दौरान किसान यूनियन के जिला प्रधान महावीर चहल, किसान मोर्चा के प्रधान जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, ब्लॉक राजौंद के प्रधान मनोज कुमार भी धरने को संबोधित किया। इस दौरान सभी नागरिकों लोगों को आश्वासन दिया कि किसान यूनियन के लोगों की मांग के साथ है। इस दौरान नगर के राजा वाल्मीकि, सुल्तान फौजी, बिंदा शर्मा, जयपाल राणा, डॉक्टर संदीप राणा, राज फौजी, पवन पहलवान, विनोद भट्ट रोहतास कश्यप पूर्व पार्षद नना राणा जसविंदर राणा, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान नायब तहसीलदार राजोद कार्यालय में रीडर को ज्ञापन भी सौंपा गया।




राजौंद। नगर के लोग मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार कार्यालय में ज्ञापन सोपते हुए।

# तारांवाली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई




गुहला-चीका। बीएलओ एवं जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर गुरदीप उरलाना ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

राजकीय प्राथमिक पाठशाला तारांवाली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर बीएलओ एवं जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर गुरदीप उरलाना ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नागरिकों व विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने पहली बार वोटर बने मतदाताओं को बताया कि एक मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद में मतदाताओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है।देश की प्रगति के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत का निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से प्रयोग करना चाहिए।प्रत्येक मतदाता यह भी ध्यान रखें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक लखविंदर सिंह, मनजीत सिंह, सरजीत सिंह, सीता देवी, गुरदीप उरलाना, ग्रामीण व छात्रगण उपस्थित रहे।













# मौलिक अधिकारों के साथ जानो अपने मौलिक कर्तव्य भी



हमारे संविधान ने जहां नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कुछ मौलिक अधिकार दिए हैं, वहीं कुछ मौलिक कर्तव्य भी सूचीबद्ध किए हैं। देशहित में इनका निर्वाह जरूरी है। बच्चों, तुम्हारे लिए इन मौलिक कर्तव्य की जानकारी जरूरी है, ताकि तुम देश के विकास और अमन-शांति में अपना योगदान दे सको।

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चों, भारतीय संविधान में नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, साथ में कुछ मौलिक कर्तव्य भी बताए हैं, जो देश और नागरिकों के हित-कल्याण के लिए जरूरी हैं। सबसे पहले संक्षेप में बात करते हैं मौलिक अधिकारों की। भारतीय संविधान में जो प्रमुख मौलिक अधिकार दिए हैं, वे हैं- अपनी बात की अभिव्यक्ति का अधिकार, अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार, अच्छा जीवन जीने का अधिकार और व्यक्तिगत पहचान कायम रखने का अधिकार। इन अधिकारों के साथ भारतीय संविधान में बच्चों के लिए भी कुछ मौलिक अधिकार बनाए हैं। जैसे- शिक्षा का अधिकार, बाल मजदूरी से मुक्ति का अधिकार। अगर कहीं बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है या उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तो उनके अभिभावक, बच्चों से जुड़ी संस्थाओं या सजग बच्चे कानून की सहायता लेकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं।





बच्चों, अब बात करते हैं संविधान में बताए मौलिक कर्तव्यों की, जो देशहित के लिए बहुत जरूरी हैं, इन्हें भी जानो-

**हमारे मौलिक कर्तव्य :** बच्चों, भारतीय नागरिकों को संविधान से अधिकार मिलने के साथ, देश-संविधान के प्रति कुछ दायित्व-कर्तव्य भी बताए गए हैं, जिन्हें निभाने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। कम लोगों को पता है कि संविधान में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को सूचीबद्ध किया गया है। इसकी जानकारी हम सबके लिए जरूरी है।

**जरूरी है संविधान का पालन :** भारत का नागरिक होने के नाते हमें देश के संविधान में पूरी आस्था होनी चाहिए, इसका अनुपालन करना हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य है। हमें संविधान का कभी उल्लंघन नहीं करना चाहिए। जब भी किसी को ऐसा करते देखें तो बड़ों को जानकारी में लाएं। इसके अलावा हम कई छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर अपने राष्ट्र को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं।

**देश में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखें :** देश में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखना और अपने अलावा दूसरे नागरिकों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना, हर नागरिक कर्तव्य है। साथ ही देश की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा और उसे अक्षुण्णता सभी नागरिकों का आवश्यक कर्तव्य है। हमें जाति, धर्म या संप्रदाय के आधार पर किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। हमें भी इन मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

**राष्ट्रीय गौरव की रक्षा :** देश के स्थापित आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों, गौरवशाली इतिहास, स्मारकों, धर्मस्थलों और तीर्थों की रक्षा और सम्मान करना भी हमारा कर्तव्य है। कोई इन्हें नुकसान पहुंचा रहा हो तो उसे रोकें या बड़ों को बताएं।

**सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा :** देश की सार्वजनिक संपत्तियों, सड़कों, परिवहन व्यवस्था आदि को नुकसान से बचाना, उन्हें स्वच्छ रखना और उनका जिम्मेदारी से उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। हमें ना किसी प्रकार के हिंसक प्रदर्शन, जान-माल की हानि या आगजनी जैसे कृत्य में शामिल होना चाहिए, ना प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इनका समर्थन करना चाहिए। देश हित के लिए यह जरूरी है।

**पर्यावरण की रक्षा :** पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन करना, प्रदूषण ना फैलाना, ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम आदि में देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है। हम बच्चों की भी पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी बनती है, इसके लिए हमें अपने साथियों को भी प्रेरित करना चाहिए। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का मानना है कि देश में 10,000 टन से ज्यादा प्लास्टिक के कचरे का सही निस्तारण नहीं हो पाता, जिससे यह समुद्रों और जमीन में प्रवेश करके प्राकृतिक पर्यावरण को नष्ट करता है। सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा हमारे घरों से निकलता है। इसलिए हमें प्लास्टिक और ऐसी चीजों के उपयोग से बचना चाहिए। इसमें बच्चे अपना योगदान दे सकते हैं। देश में ही नहीं, विश्व में भी बच्चों ने प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाकर एक मिसाल कायम की है।





**संसाधनों का सही उपयोग :** बिजली और पानी जैसे संसाधनों की बर्बादी ना करना आदि हमारे कर्तव्य हैं। इससे देश को आर्थिक लाभ भी होता है। हमें कमरे से बाहर जाने पर लाइट का स्विच बंद कर देना चाहिए। पानी का इस्तेमाल ना होने पर नल बंद कर देना चाहिए और जरूरत के अनुसार पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करना जैसी छोटी-छोटी बातें भी जरूरी हैं, इन पर हमें ध्यान देना चाहिए।

बच्चों, हमें यह कभी नहीं समझना चाहिए कि संविधान या देश के प्रति जो कर्तव्य हैं, उनकी जिम्मेदारी बड़ों की है, यह जिम्मेदारी हम बच्चों की भी है। बचपन से ही जब हम इन जिम्मेदारियों को जानेंगे-समझेंगे, इनका निर्वाह करेंगे तो हमारी आदत बन जाएगी। बड़े होने पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों और ज्यादा बेहतर ढंग से निभाएंगे, अपने गणतंत्र को मजबूत बनाएंगे। *

बच्चों, किसी राष्ट्रीय समारोह या राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर तुमने 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत सुना होगा या सबके साथ गाया भी होगा। यह हम भारतीयों का झंडा गीत है। श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' द्वारा रचित यह गीत, झंडा गीत कैसे बना, जानो?

## झंडा गीत के रचनाकार श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'

विभूति

बच्चों, झंडा गीत की रचना श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' ने की थी। श्यामलाल गुप्त का जन्म 9 सितंबर 1896 में उत्तर प्रदेश स्थित कानपुर जिले के नरवल नाम के कस्बे में हुआ था। कविताएं लिखने में उनकी रुचि बचपन से ही थी। सन् 1921 में महात्मा गांधी जी के आह्वान पर अन्य देशवासियों की तरह श्यामलाल भी स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान वह कई बार जेल गए, यातनाएं सहीं और जुर्माने भरे। इस बीच श्यामलाल की कविताएं बराबर समाचार पत्र 'दैनिक प्रताप' में छपती रहीं। सन् 1924 में एक दिन श्यामलाल जी गणेश शंकर विद्यार्थी से मिले। विद्यार्थी जी ने उनसे एक झंडा गीत लिखने का आग्रह किया। तब श्यामलाल जी ने बहुत मेहनत से उसी दिन, रात भर जागकर दो झंडा गीत लिखें और विद्यार्थी जी को दिए। विद्यार्थी जी को दोनों ही गीत पसंद आए। उन्होंने वे दोनों गीत राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन को दिखाए, उन्हें भी ये दोनों गीत अच्छे लगे। लेकिन राजर्षि जी को 'राष्ट्र गगन की दिव्य ज्योति राष्ट्रीय पताका नमो नमो!' से भी ज्यादा 'झंडा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा!' पसंद आया, क्योंकि यह गीत सरल शब्दों में लिखा गया था। राजर्षि जी ने झंडा गीत के छह में से दो पद हटा कर उसे चार पदों में कर दिया। इस तरह चार पदों का झंडा गीत भारत के जन-जन के कंठ में बस गया। सबसे पहले झंडा गीत कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन में पंडित जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में श्रीमती सरोजनी नायडू ने गाया था। गीत इतना जोश भरा और कर्णप्रिय था कि पंडित नेहरू ने इसे 'राष्ट्रीय झंडा गीत' घोषित कर दिया। उस समय भारत की 85 प्रतिशत जनता अशिक्षित थी, लेकिन श्यामलाल जी का झंडा गीत करोड़ों भारतीयों के कंठों में बस कर अमर हो गया। बच्चों, 26 जनवरी 1973 में श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' को मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 4 अगस्त 1997 को उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया गया। *



प्रस्तुति: शिवचरण चौहान

## बूझो तो जानें



1 26 जनवरी को हुआ लागू,
यह पूरे भारत देश में।
इसीलिए मनाएं गणतंत्र दिवस,
हम सब उल्लास में।।

2 नर पंछी नारी से सुंदर,
वर्षा में नाच है दिखाता।
मनमोहक कृष्ण को प्यारा,
राष्ट्रीय पक्षी कहलाता।

3 जंगल में हो या पिंजरे में,
रौब सदा दिखलाता हूं।
सुनहरे शरीर पर हैं धारियां,
राष्ट्रीय पशु कहलाता हूं।

4 कल बनता धड़ के बिना,
मल बनता सिरहीन।
थोड़ा हूं पैर कटे तो,
अक्षर केवल तीन।

उत्तर: 1-भारतीय संविधान, 2-मोर, 3-बाघ, 4-कमल

## जीके क्विज-89

1. इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए मुख्य अतिथि के रूप में किसे आमंत्रित किया गया है?
2. हाल में ही किसे भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
3. पहली गणतंत्र दिवस परेड कहां पर आयोजित की गई थी?
4. भारत का संविधान कितने दिनों में तैयार हुआ था?
5. कारगिल युद्ध किस वर्ष लड़ा गया था?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य वीरता सम्मान क्या है?
7. पराक्रम दिवस कब मनाया जाता है?
8. कौन-सा नगर अपने रॉक गार्डन के लिए प्रसिद्ध है?
9. किस राज्य को पांच नदियों की भूमि भी कहा जाता है?
10. मलयालम किस राज्य की भाषा है?



बच्चों, जीके क्विज-89 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-88 का उत्तर:** 1-अर्जुन अवॉर्ड, 2-दूरी, 3-राजस्थान, 4-24 जनवरी, 5-हमिंग बर्ड, 6-मालदीव, 7-हरा, 8-विटामिन सी, 9-2.4 प्रतिशत, 10-भारत

**जीके क्विज-88 का सही उत्तर देने वाले :** अनस-भिलाई, शोभा-धमतरी, सोमना-रायगढ़, सरबजीत-करनाल, प्रभात-बिलासपुर, नीलिमा-धमतरी, गर्वित-रोहतक, आकृति-झज्जर, रौनक-जांजगीर, सुरेश-दिल्ली, मुकुल-रायपुर

## हंसगुल्ले



टीचर- रिंकी, यह बताओ कि मोटरसाइकिल में कितने टायर होते हैं?
रिंकी- मैडम छह।
टीचर- छह कैसे?
रिंकी- मैडम चार मोटर के और दो साइकिल के।
-मुन्नू, रायपुर

राजू, रमन, रोहन साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने रोक लिया।
राजू- सॉरी अंकल सॉरी! साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज आप किसी और से लिफ्ट ले लीजिए।
-प्रियंका, जबलपुर


गोलू-गप्पा, मेरे पास कंबल है, रजाई है, स्वेटर है, स्कॉफ है, तुम्हारे पास क्या है?
गोलू- मेरे पास गर्म पानी है।
-सूरज, रोहतक

कहानी

आशा शर्मा

स्कूल में टीचर्स ही नहीं, प्रिंसिपल साहब भी राजा के प्रशंसक थे। लेकिन रिंकू को राजा फूटी आंख भी नहीं सुहाता था। गणतंत्र दिवस के दिन स्कूल में हुए समारोह के बाद राजा ने जो काम किया, प्रिंसिपल साहब ही नहीं, समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आए रिंकू के पापा ने भी उसे शाबाशी दी। ऐसा क्या अनोखा किया राजा ने, जो सबकी आंखों का तारा बना।

# स्वच्छता सेनानी





रिंकू के पापा एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं। पिछले साल ही उनका ट्रांसफर यहां नए शहर में हुआ था। रिंकू को अपने पापा के बड़ा अधिकारी होने का बहुत घमंड था। एक दिन हिंदी की क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा, 'क्या कोई बता सकता है कि जनवरी माह में कौन-सा विशेष दिन आता है?'

'छब्बीस तारीख को गणतंत्र दिवस आता है।' राजा ने हाथ ऊपर करते हुए उत्तर दिया।

'शाबाश!' मास्टर जी ने राजा की प्रशंसा की। यह देखकर रिंकू ने मुंह बना लिया। उसे राजा जरा भी अच्छा नहीं लगता है।

'पता नहीं क्यों स्कूल में सब उसे अच्छा कहते हैं। मुझे तो उसमें कोई अच्छी बात नजर नहीं आती।' रिंकू मन ही मन सोचने लगा।

गणतंत्र दिवस से जुड़ी कई जानकारियां मास्टर जी ने आज क्लास में दी, लेकिन रिंकू का ध्यान तो केवल राजा पर ही टिका हुआ था।

'पढ़ने में अच्छा है तो क्या हुआ! सेहत तो देखो, मरगिल्ली-सा। ना बड़ा घर ना गाड़ी। इसके पापा भी बड़े आदमी नहीं। फिर सब लोग इसे इतना पसंद क्यों करते हैं?' रिंकू दिन भर राजा के बारे में ही सोचता रहा।

गणतंत्र दिवस समारोह में रिंकू के पापा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह पता चलते ही रिंकू अपने आपको बहुत खास महसूस करने लगा। समारोह में रिंकू भी अपने पापा के साथ उनकी सरकारी गाड़ी में बैठकर स्कूल आया। स्कूल के मुख्य दरवाजे पर खड़े चौकीदार ने उसके पापा को जोर से सलाम ठोका, तो रिंकू का सिर कुछ और तन गया। गणतंत्र दिवस समारोह शुरू हुआ तो वह अपने स्कूल के बच्चों के बीच अपने आप को बहुत खास समझ रहा था।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में बहुत से लोग उपस्थित थे। कुछ बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देनी थी, कुछ को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करना था। इन सबके साथ-साथ बच्चों के अभिभावक भी स्कूल समारोह में उपस्थित थे।

कार्यक्रम बहुत ही अच्छे से संपन्न हुआ। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में रिंकू के पापा ने बच्चों को साफ-सफाई के महत्व और महापुरुषों के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के बाद रिंकू के पापा ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया। मिठाई वितरण के बाद प्रिंसिपल साहब पापा को लेकर हॉल में गए, जहां उनके नाश्ते का प्रबंध किया गया था। रिंकू भी उनके साथ अंदर गया।

वापस बाहर आने पर सबने देखा कि समारोह से पहले जो परिसर सजा हुआ और साफ-सुथरा दिखाई दे रहा था, वहीं अब इधर-उधर मिठाई के जूठे दोने बिखरे पड़े हैं। सजावट के लिए लगाए गए गुब्बारे और रंगीन झालरें भी नष्ट होकर जमीन पर गिरी हैं। परिसर की यह हालत देखकर प्रधानाध्यापक जी रिंकू के पापा के सामने बहुत शर्मिंदा महसूस कर रहे थे।

तभी सबने देखा कि हाथों में दस्ताने पहने और चेहरे पर मास्क लगाए एक बच्चा परिसर में बिखरा कूड़ा उठाकर उसे डस्टबिन में डाल रहा है। सबका ध्यान उस बच्चे की तरफ था, लेकिन बच्चे का ध्यान किसी पर भी नहीं था। वह चुपचाप अपना काम कर रहा था। यह देखकर प्रिंसिपल जी के चेहरे पर प्यार भरी मुस्कान तैरने लगी। उन्होंने उसे आवाज दी। बच्चे ने पास आकर अपना मास्क उतारा और बोला, 'नमस्ते सर!'

मास्क उतारते ही रिंकू हैरान रह गया। यह तो राजा था।

'मैं जानता था, यह राजा ही होगा।' कहते हुए प्रिंसिपल ने गर्व से रिंकू के पापा की तरफ देखा।

'यह बच्चा हमारे स्कूल की शान है। स्कूल परिसर को खुद भी साफ रखता है और दूसरे बच्चों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। मैं तो इसे स्वच्छता सेनानी कहता हूं।' प्रिंसिपल साहब ने राजा की तारीफ करते हुए कहा।

रिंकू के पापा ने भी उसकी पीठ ठोक कर उसे आशीर्वाद दिया, साथ ही अपनी जेब में से पेन निकालकर राजा को देते हुए बोले, 'यह छोटा-सा सम्मान स्वच्छता सेनानी के लिए।'

रिंकू ने आगे बढ़कर राजा को गले से लगा लिया। वह समझ गया था कि राजा के इसी अच्छे स्वभाव के कारण सब उसे पसंद करते हैं। *

कविता

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



## सैनिक

रक्षाधर्म निभाते सैनिक।
'वंदेमातरम्' गाते सैनिक।
भारत को कोई ललकारे
उसको सबक सिखाते सैनिक।
निज तन की परवाह न करते
हंसकर प्राण लुटाते सैनिक।
'जय जवान' का घोष सुनें जब
गर्व से हैं भर जाते सैनिक।
मां के वीर सपूत कहलाते
कभी न पीठ दिखाते सैनिक।
घर-कुटुंब की करें न चिंता
त्यागी भाव जगाते सैनिक।
राष्ट्र कृतज्ञ कभी न भूले
हो शहीद जब जाते सैनिक।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां पर रिपब्लिक-डे सेलिब्रेशन से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-आसमान में सूरज नहीं दिख रहा है। 2-लड़की के टॉप पर डिजाइन बना दिख रहा है। 3-डॉगी के बैठने की स्थिति में अंतर है। 4-नीले रंग की गेंद दिख रही है। 5-लड़के के सिर पर पहनी टोपी का रंग नीला है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में आसमान में कई सारे गुब्बारे दिख रहे हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर यह बताना है कि इस चित्र में तिरंगे गुब्बारों की कुल संख्या कितनी है।



उत्तर: 13

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां पर गणतंत्र दिवस उत्सव से जुड़ा एक अधूरा चित्र दिया गया है। इसे पूरा करने के लिए चित्र के साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।





उत्तर : a-2, b-3, c-4, d-1

## खबर संक्षेप

### महिला लाखों की नकदी व जेवरात लेकर लापता

**जींद।** राजनगर से एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में राज नगर निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी 28 नवंबर को घर से बिना किसी को कुछ बताए चली गई। उसकी पत्नी घर से अपने साथ 1.70 लाख रुपये की नगदी भी ले गई।

### छेड़छाड़ का आरोप, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** शहर की एक कालोनी की महिला के साथ छेड़छाड़ करने पर महिला थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
महिला थाना को दी शिकायत में शहर की एक कालोनी की विधवा महिला ने बताया कि वह दो दिन पहले अपने घर पर ही थी। इस दौरान उसको शर्मा नगर निवासी पंकज तथा एक उसकी ही कालोनी के व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

### महाविद्यालय में मतदान के लिए किया जागरूक

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, लोक प्रशासन विभाग, मतदाता समिति, मानवाधिकार सोसायटी, महत्वपूर्ण दिवस आयोजक समिति ने मिल कर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या सुनीता दुग्गल ने की। इस अवसर पर सभी टीचिंग, नॉन टीचिंग, स्टाफ सदस्यों ने मतदान करके और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ ग्रहण की।

### टक्कर मारने के आरोप में चालक के खिलाफ केस

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के बाईपास पर सोनिया स्कूल के पास एक अज्ञात कार चालक ने साईकिल चालक को टक्कर मार दी जिसमें साइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्रों ने किया साइंस मैथ पार्क का भ्रमण

**सफीदों।** सफीदों का राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय की चर्चा आज पूरे हरियाणा में है। विद्यालय में स्थापित विज्ञान मैथ पार्क सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रहा है। इसी कड़ी में आज पानीपत जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दरियापुर के छात्रों ने विद्यालय के पार्क का भ्रमण किया। उनके साथ उनके प्राचार्य अश्विनी सैनी, प्राध्यापक विजय शर्मा व राजबीर मौजूद थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बच्चों ने ली शपथ

**सफीदों।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्र पाल सिंह ने की। इस मौके पर छात्रों को सशक्त व सतर्क मतदाता बनकर मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की शपथ दिलवाई गई। डा. योगेंद्रपाल सिंह ने कहा कि तात्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 25 जनवरी 2011 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरुआत की थी।

### हर वर्ग के लिए काम कर रहे है दुष्यंत : नंबरदार

**उचाना।** जजपा हलकाध्यक्ष विश्ववीर काला नंबरदार ने कहा कि सरकार का हिस्स बन कर निरंतर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला प्रदेश की जनता से किए हर वायदे को पूरा करने का काम कर रहे है। किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी हर किसी के लिए अनेकों योजनाएं बना कर उनको लाभ पहुंचाने का काम किया है। प्रदेश के मतदाताओं द्वारा 10 विधायक जजपा के बनाए जिससे सरकार का हिस्सा बनी।

### छात्रवृति योजना के आवेदन इक्तीस तक

**जींद।** डा. आंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गए विमुक्त जाति, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जाति और टपरीवास जाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र छात्रवृत्ति लेने के लिए 31 तक आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतिम तारीख 31 जनवरी निर्धारित की है।

---

### बिजली मंत्री की अध्यक्षता में जिला परिवेदना समिति की बैठक

# उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान अवश्य करें: चौटाला

## बैठक में की समीक्षा,16 शिकायतों में से 14 का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वीरवार को डीआरडीए हॉल में जिला परिवेदना समिति की बैठक हरियाणा के बिजली मंत्रीरणजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान कुल 16 शिकायतें मंत्री के समक्ष रखी गई, जिनमें से 14 का समाधान कर दिया गया इस अवसर पर उनके साथ जींद के विधायक कृष्ण लाल मिढ़ा, जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा, जिला महामंत्री डा. राज सैनी, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरपाल राणा भी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि दुरूस्त कार्यशैली और बिजली सप्लाई एवं मैटेनैंस में तकनीकी सुधारों के चलते लाईनलॉस घटकर पहले की अपेक्षा कम हो गया है और अगले वित्तिय वर्ष में यह लाईनलॉस और कम करने का विभाग ने लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर साल करीब दस प्रतिशत बिजली आपूर्ति की अतिरिक्त मांग बढ़ रही है। लिहाजा बिजली उपभोक्ता बिजली का सही उपयोग करें। इसके अलावा सभी उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान अवश्य करें ताकि दूसरें उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिलें। उन्होंने बिजली विभाग से स बंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी बिजली तंत्र को मजबूत करें और लोगों की समस्याओं को त्वरित आधार पर निपटान करें। किसी भी सूरत में बिजली से संबंधित समस्या उच्च अधिकारियों के पास न आए उसका अपने लेवल पर ही निदान करें ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न काटने पड़े। बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के एक समान विकास को बढ़ावा दे रही है। हमारी सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने के लिए डिजिटल प्रणाली को अपनाया है। पारदर्शी व निपक्ष व्यवस्था के लिए जरूरी है कि तकनीक का 'यादा से 'यादा उपयोग हो। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से ही घर बैठे पात्र नागरिकों की पेंशन बन कर पंहुच रही है। पोर्टल के माध्यम से ही देश भर के करोड़ो किसानों को प्रधानमंत्री किसान स मान निधि की धनराशि सीधे बैंक खाते में भेजी जा रही है और अंतिम व्यक्ति के उत्थान पर सरकार का विशेष फोक्स है। बिजली मंत्री ने धर्मपाल सैनी मौहल्ला जींद की शिकायत पर कहा कि वे अपनी समस्या के समाधन लिए जींद के एसडीएम को मिले इस समस्या का समाधान में पूरी मदद करेंगें। एक अन्य शिकायत में ब्राह्मणवास गांव के रामकरण की शिकायत का समाधान करते हुए अधिकारी को जल्द से उनका बिजली का मीटर लगाने के निर्देश दिए। गांव गांगोली निवास सुभाष चंद्र की शिकायत पर बिजली मंत्री ने अधिकारियों एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्यों की एक कमेटी बना कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। रेखा शर्मा गोपाल नगर जींद की शिकायत पर अधिकारियों को इसका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य शिकायत दीपक कुमार भटनागर कालोनी जींद की शिकायत का समाधान करने के लिए पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार को निर्देश दिए गए। 'योति भगत सिंह कालोनी नरवाना की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पुलिस अधीक्षक को प्रार्थी की शिकायत दर्ज कर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। खटकड़ निवासी कुलदीप की शिकायत पर उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जांच करवाने के निर्देश दिए। विजेंद्र ठकराल निवासी पंजाबी बाजार की भारत संचार निगम के विरूद्ध शिकायत को आपसी सहमति से समाधान करवाया। देवधन गुप्ता चौड़ी गली की शिकायत पर अध्यक्ष महोदय ने अधिकारियों को दोनों पक्षों का मौका देखकर आपसी सहमति से समाधान करवाने के लिए दिए।



जींद। शिकायतें सुनते बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह, जींद के एसडीएम डा. पंकज (आईएएस), नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक,नगराधीश कुमारी नमिता, डीएसपी अमित कुमार, जितेन्द्र राणा, जोगिन्द्र सिंह, डीएफएसी निशांत राठी, डीडीपीआर अमित पंवार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---



जींद। शपथ दिलाते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

## निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न करवाना बेहद पवित्र काम: डीसी

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 14वां जिलास्तरीय समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोह मद इमरान रजा ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार देशभर में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने के लिए अति आधुनिक तकनीक से युक्त ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का उपयोग करने का निर्णय लिया है,ताकि आम जनता में मशीनों से वोटिंग के प्रति फैली भ्रांतियां दूर हो जाएं। भारतीय चुनाव आयोग के स्थापना दिवस पर ही देश में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उपायुक्त प्रिय दर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय में आयोजित 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि 2011 से हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहे हैं। इस दिन जिला की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बेहद खुशी की बात है कि जिला में 1001499 मतदाता रजिस्टर्ड हो गए हैं। इन सभी के फोटो आधारित पहचान पत्र दिए गए हैं। जिला में मतदाताओं को नजदीक से नजदीक स्थान पर वोट डालने के लिए 1032 बुथ बनाए गए हैं, जिसके लिए लगभग 4500 अधिकारियों, कर्मचारियो द्वारा निष्पक्ष रूप से मतदान स पन्न करवाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को 18 वर्ष की आयु पूरा करते ही अपना वोट बनवा कर मतदाता सूचियों में अपना नाम दर्ज करवाना चाहिए और मतदान के दिन सोच-समझ कर अपना वोट डालना चाहिए ताकि हम निष्पक्ष तरीके से इच्छा अनुसार व्यक्ति का चुनाव कर सकें। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाता है तो उसकी शिकायत दे सकते है। इस तरह की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

## पिछड़ों-वंचितों को न्याय का हक दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध: रमेश सैनी

- जातिगत जनगणना ही होगी सही मायने में है जननायक कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी।

ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा, जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय के लिए न सिर्फ निरंतर संघर्ष किया बल्कि इस दिशा में निर्णायक भूमिका भी निभाई। सैनी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर संप्रदायिकता एवं संकीर्ण मानसिकता के धुर विरोधी थे। उनको मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का हम स्वागत करते हैं। इससे समानता एवं सद्भाव जैसे भावों को ताकत मिलेगी। रमेश सैनी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का मानना था कि सामाजिक न्याय के बिना देश में विकास अधूरा है। इसलिए वो जातिगत जनगणना के पक्षधर थे जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करती है। जातिगत जनगणना ही सही मायने में कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। क्योंकि बिना इसके सामाजिक न्याय संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार न तो अपडेटेड जातिगत जनगणना करवाना चाहती है और न ही 2011 के सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना के आंकड़े जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों और वंचितों को न्याय का हक दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभों में एक प्रमुख स्तंभ भागीदारी न्याय है, जिसमें राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना पहली प्राथमिकता है।

### बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** पटियाला चौक के नजदीक हांसी रोड की तरफ सड़क पार कर रहा व्यक्ति निजी बस की चपेट में आ गया। जिसकी रोहतक पीजीआई में बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में शहर थाना पुलिस ने निजी बस के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से बस चलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।
शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में संतनगर निवासी जुगल किशोर ने बताया कि वह पटियाला चौक पर ड्राइक्लीनर के नाम से दुकान चलाता हो। बुधवार को उसका पड़ोसी तिलकराज बजाज ओवरब्रिज के पास से सड़क क्रॉस कर रहा था। इस दौरान जींद से हांसी की तरफ चलने वाली निजी बस ने तिलकराज को टक्कर मार दी। जहां से वह उसको शहर के नागरिक अस्पताल में लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से बस चलाकर सड़क दुर्घटना को अंजाम देने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रैफिक लाइट का कार्य शुरू होने पर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वीरवार को कस्बे के गांधी चौक पुरोन बस अड्डे पर ट्रैफिक लाइट लगाने का कार्य शुरू होने की खुशी में वार्ड वासियों द्वारा लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई संबधित वार्ड पार्षद आशुतोष शर्मा ने बताया की आज ट्रैफिक लाइट का कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कर दिया गया है जो की अगले 10 दिन के अंदर-अंदर ट्रैफिक लाइट चालू हो जाएगी। पार्षद ने बताया कि यह यहां के स्थानीय वार्ड वासी प्रेम नगर, धर्म सिंह कॉलोनी, ऑटो मार्केट व मिर्धा पत्ती तमाम क्षेत्र वासियों के संघर्ष की जीत है। नगर परिषद में सरकार द्वारा एक वर्ष से पैसा भेज रखा था। उन्होंने बताया इस कार्य को करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन डीएसपी साहब ने हर मासिक रोड सेफ्टी मीटिंग में मुद्दे को उठाया। व यहां के वार्ड वासियों की तरफ से समय-समय पर ज्ञापन दिए गए व स्थानीय सांसद द्वारा भी जनसंवाद पोर्टल पर इस बात को उठाया सभी के प्रयासों से यह आज कार्य हुआ है। नगर परिषद द्वारा देरी से सही लेकिन धरने के उपरांत टेंडर लगा दिया गया व आज कार्य शुरू हो गया है। जिसका वह हरियाणा सरकार का धन्यवाद करते हैं। इस मौके पर ऑटो मार्केट से रामपाल सिंगला, रेहड़ी संगठन के प्रधान रोशन लाल, महावीर सुरजेवाला, रिसाल सिंह, निका चक्की वाला, कृष्ण चंद्र गोयल, आनंद मांडी, राजेश कोथ, धूप सिंह नाडा व अन्य सभी वार्ड वासियों ने लड्डू बाटकर खुशी मनाई।



नरवाना। पुराने बस अड्डे के पास लगा टैफिक लाइट का पोल। फोटो :हरिभूमि

---



जुलाना। कार्यक्रम को लेकर परेड में हिस्सा लेते पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### नायब तहसीलदार ने निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में गणतंत्र दिवस को लेकर फाइनल रिहर्सल की गई। कार्यक्रम को लेकर नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार प्रतीक कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रतीक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जुलाना के उपमंडल की घोषणा के बाद दूसरी बार गणतंत्र समारोह नई अनाजमंडी में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जाएगा। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस भी मनाया जा चुका है। इस मौके पर पुलिसकर्मी, स्काउट्स और स्कूली छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और परेड में हिस्सा लिया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, थाना प्रभारी समरजीत सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नरेंद्र लाठर, नपा के सचिव अशोक ढांगी आदि मौजूद रहे।

## कपड़ों व जुतों की दुकान में चोरी

- दुकान का शटर व टफन शीशा तोड़ सामान चोरी किया

हरिभूमि न्यूजनरवाना

दनौदां कलां में एक कपडों व जुतो की दुकान का शटर तोड व टफन शिशा तोड कर दुकान से सामान चोरी करने पर सदर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में दुकान मालिक अनिल ने बताया कि वह दनौदा कलां में नाथुपत्ती में रहने वाला है और उसने गांव में बने बिनैण खाप के चबुतरे वाली दुकानों में मोहित स्पोर्टस कलेक्शन के नाम से कपडों व जुतों की दुकान की हुई है 23 जनवरी को शाम के करीब आठ बजे वह दुकान को सही करके घर चला गया था। लेकिन जब वह अगले दिन 24 जनवरी की सुबह अपनी दुकान पर आया तो देखा की दुकान का शटर व टफन शीशा टुटा हुआ था जिसके बाद दुकान के अंदर चैक किया तो कांउटर के गल्ले से करीब कए हजार रूप की नगदी व काउंटर पर रखे गऊशाल के दान पात्र से भी करीब 300 रुपये निकाले हुए थे वहीं दुकान का टफन शीश तोडा हुआ था जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये थी और दुकान से 50 शर्ट, 70 जींस पैट, 30 जोडी जुते, 10 जैकेट, 20 स्वैट शर्ट व परफ्यूम सहित अन्य समाना अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। दुकानदार को दुकान में कीरब एक लाख 31, 500 रूपये के सामान का नुकशान हुआ है। सदर थाना पुलिस ने दी शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामाल दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।



नरवाना। इधर-उधर बिखरा पडा दुकान का सामान। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। सर्टिफिकेट दिखाती हुई छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### कोमल-रविता को एग्जीबिशन में चुना बेस्ट एक्सप्लेनेटर

**नरवाना।** गत 24 जनवरी को इंदिरा गांधी गवर्नमेंट कॉलेज जींद में आयोजित इंटर डिस्ट्रक्टि साइंस एग्जीबिशन में सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय की विभाग अध्यक्ष निशा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया इस एग्जीबिशन में जिले के लगभग हर कॉलेज ने भाग लिया था और उनके महाविद्यालय की छात्रा रविता और रिंकी ने पराली से कागज बनाकर केमिस्ट्री में प्रथम स्थान, कोमल और मानसी ने स्मार्ट हेलमेट और स्मार्ट पार्किंग सेंसर बनाकर फिजिक्स में द्वितीय स्थान व भूगोल में शीतल और तनु ने रिमोट सेंसिंग मॉडल बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोमल और रविता को बेस्ट एक्सप्लेनेटर चुना गया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ अनीता छाबड़ा ने विज्ञान विभाग की सभी अध्यापिकाओं और छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ज्ञान तकनीक और कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में निशाए, महक, यशिका, रिजुल और सलिता आदि प्राध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### टीकाकरण के लिए आशा वर्कर घर-घर जाकर करेंगी सर्वे

**अलेवा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरां पर हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य टीबी मुक्त हरियाणा के तहत वीरवार को स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा की अध्यक्षता में एसटीएस नरेश द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों को व्यस्क बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के अंतर्गत बताया गया की इस कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से उपर व्यस्कों व 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को बीसीजी की वैक्सीन दी जाएगी।

**सूचना**

मैं, सुनील कुमार (Sunil Kumar) पुत्र रामफल निवासी गांव छौत तह. व जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पासपोर्ट नं. J5214633 है। मेरे उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम सुनील कुमार धारीवाल (Sunil Kumar Dhariwal) है। मैं अपना नया पासपोर्ट बनवाना चाहता हूं और मेरे नये पासपोर्ट में मेरा नाम सुनील कुमार (Sunil Kumar) किया जाए।

---

### युवा महोत्सव का दूसरा दिन: प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक दी प्रस्तुति

# आज युवा महोत्सव में होंगे अंतिम मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित किए जा रहे अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन वीरवर को मुख्यअतिथि के रूप में विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रमों के द्वारा हरियाणवी संस्कृति को समृद्ध करने में सहायता मिलती है और समाज में निहित कुरीतियों को दूर करने के उपाय भी प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को भी उजागर किया तथा इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री का उद्बोधन प्रसारित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में निहित प्रतिभा को बाहर निकालने के लिए यह एक उत्तम साधन होता है। हमारे ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों में प्रतिभा का अभाव नहीं है, आवश्यकता है तो एक उपयुक्त मंच की। छात्रों को अपना हुनर प्रदर्शित करने के उद्देश्य एवं अपने छात्रों के सवांगीण विकास के लिए विवि ने क्रमबद्ध तरीके से यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया है।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए टीमें। फोटो :हरिभूमि

#### विद्यार्थी जीवन अमूल्य

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कुलपति एमजीसीजीवी विश्वविद्यालय चित्रकूट प्रो. एनसी गौतम रहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन जो मनुष्य जीवन का अमूल्य समय होता है। इस कालखंड की अवधि में जीवन का निर्माण होता है। हर विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना होता है। प्रत्येक विद्यार्थी को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठोर मेहनत करनी चाहिए। विद्यार्थी जीवन में लिए जाने वाले निर्णय जीवन के अंतिम छोर तक चलते है। उन्होंने कहा कि वे मां-बाप सौभाग्यशाली होते है, जिनकी पहचान उनके बच्चों से होती है। एक विद्यार्थी को ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे उसके मां-बाप का सिर झुके। उन्होंने कहा कि जीवन में बहुत संघर्ष आते हैं विजय वही होता है, जिसके पास धैर्य होता है। जीवन में कुछ प्राप्त करने के लिए शिष्टाचार, शालीनता आवश्यक है। उन्होंने अपनों से छोटे का सम्मान करने की और दूसरों से ज्ञान सांझा करने की बात भी कही। अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में जाट धर्मशाला प्रधान देवव्रत ढांडा ने शुभकामनाएं दी और कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम मनोरंजन के साथ लोक शिक्षण भी प्रदान करता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्म चिंतन, चरित्र निर्माण, सहनशीलता और आत्मविश्वास के गुणों का समावेश होता है।

**ग्राम पंचायत कौल**
**ब्लॉक ढाण्ड, सब-तहसील ढाण्ड, जिला कैथल (हरियाणा) मो. 9896207007**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कौल खण्ड ढाण्ड में लेबर कुटेशन पर बाल्मीकी चौपाल प्रेम नगर मोहल्ला का कार्य पूर्ण करना है। कार्य की लागत 5 लाख से कम है। इच्छुक सोसायटी 29.01.2024 को सांय 5 बजे तक ग्राम पंचायत घर में पहुंचने का कष्ट करे।

सचिव, संजय वालीया
मो. नं. 8837727409

हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत कौल
मो. नं. 9896207007

# नागरिक अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक को इलाज में नहीं होगी परेशानी

## ओपीडी पर्ची काउंटर के साथ ही अलग से काउंटर बनवाया

- निशुल्क पर्ची पात्र की भी जानकारी देंगे काउंटर कर्मी
- चिरायु योजना के तहत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड : डा. भोला
- पात्र लोग आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं : डा. संकल्प



जींद। नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में ओपीडी पर्ची काउंटर के साथ आयुष्मान कार्ड के लिए काउंटर बनाते हुए कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक को ओपीडी व दाखिले के लिए कोई परेशानी न हो, इसके लिए नई बिल्डिंग में पर्ची काउंटर के साथ ही अलग से काउंटर की व्यवस्था की जा रही है। इस काउंटर में कंप्यूटर आप्रेटर बैठेंगे। जो आयुष्मान कार्ड धारक की मदद करेंगे। इससे आयुष्मान कार्ड धारक को यह फायदा होगा कि अगर मरीज दाखिल होता है तो, उसका कार्ड वहीं जांच कर उसकी दाखिला फाइल बना दी जाएगी। इससे पहले पुरानी बिल्डिंग में आयुष्मान मित्र कमरा बनाया गया था। पात्र को पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में आना-जाना पडता था।

### निशुल्क पर्ची पात्र की भी जानकारी देंगे काउंटर कर्मी

नागरिक अस्पताल में आने वाले लोग कई बार जानकारी न होने के चलते कई बार परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में आमजन को अस्पताल में मुफ्त पर्ची की मिलने वाली सुविधा से वंचित न होना पड़े, इसके लिए भी सख्त कदम उठाए गए हैं। ओपीडी पर्ची काउंटर में तैनात कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आमजन को बताया जाएगा कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे, आयुष्मान कार्ड धारक, हरियाणा के बीपीएल, एएवाई राशन कार्ड धारक, प्रसव पूर्व महिलाओं की 42 दिन बाद तक मुफ्त पर्ची बनती हैं। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लाभार्थी आरबीएसके, डीईआईसी की पर्ची फ्री बनती है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीडन उत्तरजीवियों की पर्ची मुफ्त बनाई जाती है।

### चिरायु योजना के तहत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड : डा. भोला

*नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि चिरायु योजना के तहत आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये से कम है, उनको इस कार्ड के आधार पर पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएगी। ये कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी को केवाईसी करवानी जरूरी है। अंत्योदय परिवारों के योग्य पात्र कॉमन सर्विस सैंटर में जाकर अपना केवाईसी करवाएं जो कि आधार कार्ड से लिंक होगा। उसके बाद आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।*

### पात्र लोग आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं : डा. संकल्प

आयुष्मान के नोडल अधिकारी डा. संकल्प डोडा ने बताया कि अस्पताल में आने वाले आयुष्मान कार्ड धारक को पर्ची व उपचार के लिए किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अलग से काउंटर बनवाया गया है। आयुष्मान भारत योजना की अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी किसी भी सुचीबद्ध अस्पताल में आयुष्मान मित्र से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री दूरभाष संख्या 1800-180-2036 पर संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लाभार्थियों से अपील भी की कि अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या अपनी आशा वर्कर के पास जाकर अपनी पात्रता की जांच करवा आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि जरूरत पड़ने पर योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य लाभ मिल सके।


पूंडरी। सदस्यों को ईश्वर सिंह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट पूर्व विधायक तेजवीर सिंह। फोटो :हरिभूमि

## धर्मशाला के 100 वर्ष पूरे होने का निमंत्रण देने पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

क्षत्रिय रोड़ जाति धर्मशाला हरिद्वार के प्रधान संत सेवा राम व सचिव धर्मेंद्र व अन्य पदाधिकारी आगामी 25 फरवरी को क्षत्रिय रोड़ जाति धर्मशाला हरिद्वार के 100 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित बिरादरी के गण्यमान्य सदस्यों को सम्मानित करने के सम्मान समारोह में निमंत्रण-पत्र देने के लिए पूर्व विधायक पूंडरी एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौ. तेजवीर सिंह को उनके कार्यालय में मिलने पहुंचे। इस अवसर पर तेजवीर सिंह ने संत सेवा राम व अन्य कमेटी सदस्यों को चौ. ईश्वर सिंह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की। संत सेवा राम ने कहा कि स्व. चौ. ईश्वर सिंह दूरदर्शी सोच के व्यक्ति थे। वे महिला शिक्षा के प्रति हमेशा चिंतित रहते थे। इसके अलावा चौ. ईश्वर सिंह ने बहुत सारे सामाजिक कार्य किए। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र पूंडरी में कई शैक्षणिक संस्थान खुलवाना सुनिश्चित किया। उन्होंने महिला शिक्षा पर जोर दिया. वह हमेशा कहते थे कि यदि एक पुरुष शिक्षित होगा तो एक परिवार शिक्षित होगा।

### विधायक गोलन ने सुनीं हलका वासियों की समस्याएं

*पूंडरी। विधायक रणधीर सिंह गोलन ने आज पूंडरी में अपने कार्यालय में हलके से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आश्वासन दिया। बातचीत में गोलन ने कहा कि पूंडरी हल्के में विकास की गंगा बह रही है। समाज के सभी वर्गों को सरकार की विभिन्न विभागों की स्कीमों का लाभ प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र की तर्ज पर चमकाने का काम किया गया है। अब गांव रात के समय लाइटों से जगमग रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।*

## राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 मनाने के लिए, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल हरियाणा की महिला सेल ने राष्ट्रीय स्तर की नलाइन क्विज शुरू करके जागरूकता अभियान शुरू किया।



क्विज तीन दिनों 24 जनवरी से 26 जनवरी तक खुला है। यह उस दिन के महत्व पर आधारित है। हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इसे पहली बार 2008 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मनाया गया था। यह दिन न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण में समान अवसरों की वकालत करता है, बल्कि बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को भी बढ़ावा देता है और बाल विवाह, भेदभाव और लड़कियों के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों को संबोधित करता है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए महिला सेल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रयास बहुत महत्वपूर्ण हैं। सुश्री ऋचा लांगयान प्रश्नोत्तरी समन्वयक हैं, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. गीता गोयल, डॉ. शिल्पी अग्रवाल, डॉ. विनय सिंगल आयोजन टीम के सदस्य हैं, डॉ. रितु कांग महिला सेल की संयोजक हैं। क्विज के पहले दिन चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न संस्थानों से 120 से अधिक छात्रों ने क्विज में भाग लिया।


राजौंद। नगर में मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली निकालते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मतदाता जागरूक रैली निकाली

राजौंद। राजकीय महाविद्यालय में दिनांक मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में यूथ वोटर कमेटी व इंपारेटेंट डे सेलिब्रेशन कमेटी के सौजन्य से शपथ समारोह और मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जाति पे न धर्म पे वोट डलेगा कर्म पे वोट है हमारा अनमोल कभी ना लेंगे इसका मोल आदि स्लोगनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य राम मेहर ने विद्यार्थियों को बताया कि हम सभी को भारत के नागरिक होने के नाते वोट डालने का अधिकार है। हमें अपने इस अधिकार को देश के प्रति समर्पित होकर निभाना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापिका सुदेश, राजनीतिक शास्त्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवींद्र कुमार हिंदी प्राध्यापक विक्रम सिंह, राकेश कुमार आदि रहे।



### सड़क सुरक्षा पर निकाली जागरुकता रैली

कैथल। समुदाय में हो रही कई सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की एनएसएस इकाइयों ने 'सड़क सुरक्षा' विषय पर एक रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और सभी कर्मचारियों को दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए जागरूक करना था। सभी तीन इकाइयों के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों और जनता में जागरूकता लाने के लिए सड़क सुरक्षा पर कुछ कैचफ्रेज देते हुए परिसर की लंबाई और चौड़ाई में मार्च किया। उन्होंने शपथ ली कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनेंगे और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे। रैली के दौरान तख्तियां और पंपलेट प्रदर्शित किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय गर्ग एवं डॉ. श्वेता गर्ग ने स्वयंसेवकों को बताया कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें।



## युवा मतदाताओं को बताया मतदान का महत्व

सीवन। शहीद गिरधारी लाल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य स्टेट अवार्डी सुदर्शन शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीवन तहसील के नायब तहसीलदार सुनील कुमार एवं संयोजक के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली के प्राध्यापक, बीएलओ सुपरवाइजर सचिन धीमान एवं शैलेंद्र राणा रहे। प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। मंच संचालन हिंदी प्राध्यापक बहादुर सिंह ने किया। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्देशित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं को जागरूक करना एवं लोकतंत्र में एक मतदाता की भूमिका से अवगत कराना रहा। राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता पर बोलते हुए मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जिसमें हर नागरिक, जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक है को वोट का अधिकार है। वह अपने अधिकार के बलबूते पर एक जिम्मेदार सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाता है।



## बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय में मनाया नव मतदाता सम्मेलन

ढांड। बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल, कैथल के प्रांगण में नमो नवमतदाता सम्मेलन 25 जनवरी, 2024 के पावन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी तेजवीर सिंह प्रधान, प्रबंधन समिति, पूर्व विधायक एवं कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र पाल डाबला लोकसभा विस्तारक, कुरुक्षेत्र, कार्यक्रम संयोजक जौनी मेहला जिला महामंत्री, युवा मोर्चा कैथल, संजय सुखीजा पुंडरी विधानसभा विस्तारक, संजीव सरपंच रसीना, रघुवीर शर्मा ठयोंठा, भाग सिंह कौल, विनोद कौल, प्रबंधक समिति के उप प्रधान कंवर सिंह की गरिमापूर्ण उपस्थिति में व प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारतीय युवा मोर्चा, स्थानीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एन.सी.सी. यूनिट एवं मतदाता साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नमो नवमतदाता सम्मेलन के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संचालन डॉ. अमित कुमार टाया ने किया। विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गाँव में एक रैली भी निकाली। डॉ.सोनिया रानी, डॉ. मीनाक्षी व डॉ. अमित कुमार टाया ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएँ और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

नगरपालिका पूंडरी के पूर्व चेयरमैन एवं पार्षद प्रतिनिधि और नगरपालिका चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार
चौ. महाबीर सिंह मोमियान
की तरफ से
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं।

पूण्डरी वार्ड नं. 04 से पार्षद एवं समाजसेवी
स. कुलविन्द्र सिंह चट्ठा
की तरफ से
सभी हल्कावासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं

D. A.V. Public School, Pundri
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi
[Under the direct Control of DAVCMC, New Delhi]
The diversity of our nation is One of its major strengths.
This Republic Day, commit to pooling our diverse experience for the growth of India.
Happy Republic Day.
Dr. Sushma Gupta, Chairperson
Dr. Subhash Tanwar, Manager
Sadhana Bakshi, Principal

गणतंत्र दिवस
Muncipal Committee, Pundri
1सभी नगरवासियों एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
2 भवन निर्माण करने से पूर्व नगरालिका से नकशा जरूर पास करवाएं ।
3 सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करें।
4 शहर में साफ–सफाई व्यवस्था बनाए रखें।
5 अपने आसपास कूड़ा–कर्कट न फलाएं।
6 किसी भी सरकारी व नगरपालिका जमीन पर अवैध निर्माण व अवैध कब्जा न करें।
7 पानी को व्यर्थ न बहाएं।
8 अधिक से अधिक पेड़ लगाएं व पयावरण को स्वच्छ रखें।
9 किसी सरकारी संपति को नुकसान न पहुंचाएं।
10 माननीय एन.जी.टी.कोर्ट के आदेशों का पालन करें।
11 नगरपालिका की गाड़ी में ही कूड़ा डालें।
12 प्रोपर्टी टेक्स समय पर जमा करवाएं।
कपिल कुमार (एस.डी.एम.) प्रशासक नगर पालिका पुण्डरी
अशोक कुमार नगरपालिका सचिव पूंडरी

गणतंत्र दिवस पर राजौंद विशेष परिशिष्ट

राजकीय माध्यमिक विद्यालय
गांव नीमवाला जिला कैथल की ओर से
सभी ग्रामवासियों, क्षेत्र वासियों एवं देश वासियों को
मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण में ब्लॉक में प्रथम आने पर सबको
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भेजो अपने लाल को खुशहाल इन्सान बना देंगे, दुनिया पूजेगी उसको इतना महान बना देंगे।
बलबीर सिंह कश्यप, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजौंद
महिपाल शर्मा, प्रधान एसएमसी
लखीचंद, मुख्याध्यापक

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुण्डू रोहेड़ा
पूर्व ब्लॉक युवा अध्यक्ष राजौंद
पूर्व जिला परिषद सदस्य
M : 97286-05222
हल्का कलायत

नगर पालिका राजौंद
बबीता रानी, चेयरपर्सन
प्रोमिला देवी, उप चेयरमैन
की ओर से
सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नागरिकों से अपील
नगर में सफाई का विशेष ध्यान रखें, मकान व दुकान बनाने से पहले नक्शे पास करवाए,
नगर के विकास के लिए गृह टैक्स (स्कूल व पैट्रोल पंप व अन्य संस्थानों सहित) जमा करवाएं,
पौधा रोपण व जल संरक्षण में सहयोग करें।
सड़क पर कचरा न डाले, कचरा डस्टबिन में ही डालें।
अपने संस्थान में हर दिन सुखे व गीले कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखें।
पोलीथीन का प्रयोग न करें।
शहर को साफ सुथरा रखने में सफाई कर्मचारियों को सहयोग करें।
नरेंद्र शर्मा, सचिव

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
GIAN DEEP SEN. SEC. SCHOOL
RAJOUND (KAITHAL)
Permanent Recognised
Nur. to 12th (Arts, Commerce, Non-Medical, Medical Streams)
CONTACT : 094663-17605, 99921-73634
Principal Satpal Singh M.A., B.Ed., M.Phil.
Director Kulbir Dixit (Production Er.) M.A., B.Ed.
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

गोल्ड लाईफ स्कूल, पूंडरी रोड़, राजौंद
की तरफ से सभी प्रदेशों वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जितेन्द्र सिह, मैनेजिंग डायरेक्टर
यशपाल राणा, प्रिंसिपल

ज्योति ग्रामीण विकास मंडल
जाखौली
की तरफ से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं।
फुल कुमार कादियान
जाखौली
युवा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता